LNMUonline.com

History (Hons.) Paper-I

किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें जिसमें प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से सही उत्तर का चयन करें :

(a) प्राचीन भारत में पहला नगरीकरण कब हुआ?
(i) सिन्धु घाटी सभ्यता काल में (ii) ऋग्वैदिक काल में
(iii) उत्तर वैदिक काल में (iv) कुषाण काल में

(b) हड़प्पा कहाँ अवस्थित है?
(i) सिन्धु नदी घाटी में (ii) झेलम नदी घाटी में
(iii) रावी नदी घाटी में (iv) चिनाव नदी घाटी में

(c) ऋग्वेद में कितने मंडल हैं?
(i) पाँच (ii) आठ
(iii) नौ (iv) दस

LNMUonline.com

(d) सामवेद निम्नलिखित में से किसलिए जाना जाता है?
(i) कर्मकांड के अंगों के लिए (ii) तंत्रों के लिए
(iii) संगीत के लिए (iv) इन्द्र की स्तुति के लिए

(e) मगध की पहली राजधानी थी :
(i) चम्पा (ii) पाटलिपुत्र
(iii) वैशाली (iv) राजगृह

(f) जातक कहानियाँ सम्बन्धित हैं :
(i) महावीर जैन से (ii) गौतम बुद्ध से
(iii) चार्वाक से (iv) मुगलिपुत्त से

(g) मेगास्थनिज किसके समय में भारत आया?
(i) चन्द्रगुप्त मौर्य (ii) अशोक
(iii) कनिष्क (iv) बिन्दुसार

(h) यूनानी प्रभाव था—
(i) गान्धार कला पर (ii) अजन्ता कला पर
(iii) एलोरा कला पर (iv) मथुरा कला पर

(i) पुलकेशिन II ने हराया :
(i) अशोक को (ii) कनिष्क I को
(iii) समुद्रगुप्त को (iv) हर्षवर्धन को

(j) इनमें कौन-सा मन्दिर महमूद गजनवी द्वारा लूटा गया?
(i) सोमनाथ (ii) विश्वनाथ
(iii) दिलवारा (iv) कंदरिया महादेव

LNMUonline.com

2. प्राचीन भारतीय इतिहास के अध्ययन के लिए पुरातात्विक स्रोतों की विवेचना करें।
3. उत्तर-वैदिक काल में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों की समीक्षा करें।
4. गौतम बुद्ध के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करें।
5. चन्द्रगुप्त मौर्य की उपलब्धियों का परीक्षण करें।
6. समुद्रगुप्त की उपलब्धियों पर प्रकाश डालें।
7. गुप्तों की सांस्कृतिक देनों का मूल्यांकन करें।
8. कन्नौज पर अधिकार के लिए त्रिदलीय संघर्ष पर संक्षिप्त लेख लिखें।
9. सिंध पर अरब आक्रमण के स्वरूप और परिणामों को बतावें।
10. भारत में महमूद गजनवी के आक्रमणों के क्या उद्देश्य थे?

LNMUonline.com